हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 ताप्ती तट पर तर्पण से पितरों को मिलता है मोक्ष



07 श्रमदान कर मनाया स्वच्छ भारत दिवस, रामगंज...



14 से 16 अक्टूबर तक सजेगा हरिभूमि गरबा का रंग

## 'अनुभूति': चार साल की यादों से पांचवें साल के भव्य उत्सव तक, 'अंगूरी भाभी' शुभांगी अत्रे होंगी हरिभूमि गरबे का खास आकर्षण, जनप्रतिनिधि भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कुछ आयोजन सिर्फ कार्यक्रम नहीं होते, वे लोगों की यादों और भावनाओं का हिस्सा बन जाते हैं। 'अनुभूति' भी ऐसा ही आयोजन है, जिसने पिछले चार वर्षों में इटारसी और नर्मदापुरम जिले के परिवारों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। अब हरिभूमि प्रस्तुत 'अनुभूति' एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस वर्ष 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, नर्मदापुरम रोड, इटारसी में तीन शामें गरबा, संगीत, परंपरा और पारिवारिक उत्सव के नाम रहेंगी।

### 'अनुभूति' में आएंगी अंगूरी भाभी आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण

इस बार 'भाभीजी घर पर हैं' फेम अभिनेत्री शुभांगी अत्रे, जिन्हें दर्शक लोकप्रिय किरदार 'अंगूरी भाभी' के नाम से जानते हैं, की मौजूदगी होगी। शुभांगी अत्रे 16 अक्टूबर को 'अनुभूति' के मंच पर सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होंगी। उनकी मौजूदगी आयोजन की आखिरी शाम को विशेष बनाएगी।



### सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल

'अनुभूति' की पहचान सिर्फ भव्यता से नहीं, बल्कि पारिवारिक और सुरक्षित वातावरण से भी जुड़ी है। इस बार पूरा वेन्यू सेफ एंड सिक्योर कैंपस के रूप में तैयार किया जा रहा है। पूरे आयोजन स्थल पर सीसीटीवी निगरानी, व्यवस्थित एंट्री-एग्जिट और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि परिवार बेफिक्र होकर उत्सव का आनंद ले सकें।

### टिकिटिंग भी पूरी तरह डिजिटल

इस बार प्रवेश व्यवस्था को भी आधुनिक बनाया गया है। टिकिट केवल **District App** के माध्यम से उपलब्ध हैं, जहां से ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। बारकोड आधारित एंट्री व्यवस्था के कारण आयोजन स्थल पर प्रवेश प्रक्रिया को व्यवस्थित रखने की तैयारी है। चार वर्षों की यादों, अब पांचवां वर्ष 'अनुभूति' को एक नए स्तर पर ले जाने की तैयारी में है।



हरिभूमि "अनुभूति" गरबा ने पिछले चार वर्षों में इटारसी के गरबा प्रेमियों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है। हर साल इसकी भव्यता, पारिवारिक माहौल और शानदार आयोजन लोगों की यादों का हिस्सा बनता गया है। पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहे इस खूबसूरत आयोजन के लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं।

**डॉ सीतासरन शर्मा, मप्र विधानसभा पूर्व अध्यक्ष, विधायक इटारसी नर्मदापुरम**



"चार वर्षों से हरिभूमि 'अनुभूति' ने गरबा को सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परिवार और समाज को साथ जोड़ने वाले उत्सव के रूप में पहचान दी है। हर साल बढ़ता उत्साह और लोगों की भागीदारी इसकी सफलता की कहानी कहती है। अनुभूति के पांचवें वर्ष के आयोजन के लिए आयोजकों और पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।"

**दर्शन सिंह चौधरी, सांसद (लोकसभा) नर्मदापुरम - नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र**



"हरिभूमि अनुभूति की गरबा शामें हमेशा से संगीत, संस्कृति, परंपरा और परिवार के साथ खुशियां मनाने का खूबसूरत अवसर रही हैं। पिछले चार वर्षों में इस आयोजन ने अपनी अलग पहचान बनाई और हर साल कुछ नया अनुभव दिया। पांचवें वर्ष का आयोजन और भी यादगार बने, इसके लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।"

**माया नारोलिया, सांसद (राज्यसभा) नर्मदापुरम**



"हरिभूमि अनुभूति की गरबा शामें हमेशा से संगीत, संस्कृति, परंपरा और परिवार के साथ खुशियां मनाने का खूबसूरत अवसर रही हैं। पिछले चार वर्षों में इस आयोजन ने अपनी अलग पहचान बनाई और हर साल कुछ नया अनुभव दिया। पांचवें वर्ष का आयोजन और भी यादगार बने, इसके लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।"

**पीयूष शर्मा, अध्यक्ष, मप्र तैराकी संघ**



"हरिभूमि अनुभूति गरबा का पिछले चार वर्षों का सफर उत्साह, उमंग और खूबसूरत यादों से भरा रहा है। हर वर्ष आयोजन का स्तर और लोगों का जुड़ाव बढ़ता गया, यही इसकी सबसे बड़ी सफलता है। अब पांचवें वर्ष में 'अनुभूति' एक और यादगार अध्याय लिखे, इसके लिए आयोजक टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।"

**नीतू महेंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नपा नर्मदापुरम।**



"जिले में गरबा की बात हो और हरिभूमि 'अनुभूति' का नाम न आए, ऐसा अब मुश्किल है। चार वर्षों में इस आयोजन ने अपनी भव्यता के साथ-साथ पारिवारिक और सांस्कृतिक पहचान भी बनाई है। पांचवें वर्ष में यह आयोजन नई ऊंचाइयों को छुए और सभी के लिए यादगार बने, ऐसी पूरी टीम को दिल से शुभकामनाएं।"

**पंकज चौरे, नपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी**



"एक पत्रकार और सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता के रूप में पिछले चार वर्षों से हरिभूमि 'अनुभूति' गरबा को करीब से देखने और इसकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता को महसूस करने का अवसर मिला है। पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हरिभूमि के 'अनुभूति एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा' के लिए पूरी आयोजन टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**प्रमोद पगारे, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी**

सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का शुभारंभ

## स्वच्छता और श्रमदान गतिविधियां शुरू श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुबह 7 बजे विवेकानंद घाट एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्वच्छता यज्ञ के साथ स्वच्छता और श्रमदान गतिविधियां शुरू हुईं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, एडीएम राजेश शुक्ला और एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान एडीएम राजेश शुक्ला ने तगाड़ी उठाई, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने फावड़ा चलाया, जबकि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने झाड़ू लगाकर घाट परिसर की सफाई में सहभागिता की।



**राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा**

"महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। गांधी जयंती पर श्रमदान कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता और सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।"



करीब दो घंटे तक चले श्रमदान के दौरान विवेकानंद घाट और कलेक्टर कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई।

अभियान के तहत जिले के सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों, पंचायत भवनों, चिकित्सालयों और गौशालाओं में स्वच्छता एवं श्रमदान की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नगर पालिका नर्मदापुरम के स्वच्छता दल से अनुराग तिवारी सहित अन्य कर्मचारी भी अभियान में मौजूद रहे।

**एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा...**

"स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। श्रमदान के माध्यम से हम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ सेवा भावना को भी मजबूत कर रहे हैं।"वहीं दूसरी ओर अधिकारियों को स्वयं श्रमदान करते देख अन्य कर्मचारियों और नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में भाग लिया। जनमानस में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया जा रहा है इसमें आम नागरिक भी भाग ले रहे हैं।

## ग्रामों में दबिश देकर 4 प्रकरण दर्ज, 120 किलो महुआ लाहन एवं 15 लीटर मदिरा जब्त

जिले में आबकारी विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर आबकारी विभाग द्वारा वृत्त सोहागपुर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में कार्रवाई की गई। ग्राम जमुनिया, झालोन, कामती, सारंगपुर, छेड़का, मढ़ाई, टेकापार एवं बंगाली सोहागपुर क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान अवैध मदिरा के विरुद्ध कुल 4 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने लगभग 120 किलोग्राम महुआ लाहन, 15 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 8 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त की। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार 600 रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई ग्रामीणों द्वारा अवैध मदिरा विक्रय एवं निर्माण के संबंध में की गई शिकायतों के आधार पर की गई। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।



## स्वच्छता पखवाड़े का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी, निबंध, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों मे भाग लिया गया। छात्राओं ने विद्यालय परिसर एवं गौशाला के अतिरिक्त नगर स्थित प्राचीन गणेश मन्दिर, हनुमान फाटक एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे हमें अपने दैनिक जीवन की आदत बनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए अपने घर, विद्यालय एवं समाज को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं सभी छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और युवा हॉकी खिलाड़ियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा जायस्थम चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी उषा नायडू रहीं। उन्होंने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। वहीं प्रदेश स्तर पर चयनित इटारसी के युवा हॉकी खिलाड़ी चंदन यादव, हर्ष मेहरा एवं मनीष भवसार को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस के आयोजन अब बंद कमरों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जनता के बीच किए जाएंगे। उन्होंने जनहित के मुद्दों को लेकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को नेहा चावरे, अजय शुक्ला, मोहन झालिया एवं रमेश बामने सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। अंत में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीलम गांधी ने आभार व्यक्त किया।



### इटारसी की युवतियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन 7 अक्टूबर को

**इटारसी।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए नगर पालिका परिषद इटारसी एवं वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में 7 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला गांधी मैदान के सामने स्थित ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि रोजगार मेले में 5वीं से 12वीं पास 18 से 25 वर्ष की युवतियां शामिल हो सकेंगी। चयनित युवतियों को तीन माह की अप्रेंटिसशिप के बाद नियुक्ति का अवसर मिलेगा।

**अप्रेंटिसशिप के दौरान**

शुरुआती वेतन 12,425 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही कंपनी की ओर से हॉस्टल और बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य शहर की बेटियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने इटारसी की इच्छुक युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## अपनी आवाज से पहचान बनाने वाले प्रकाश गुप्ता का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अपनी दमदार आवाज और सामाजिक सरोकारों के लिए पहचान बनाने वाले प्रखर समाजसेवी प्रकाश गुप्ता लारा का शनिवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके निवास पहुंचकर शाल-श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने कहा कि प्रकाश गुप्ता लारा ने अपनी विशिष्ट आवाज और सामाजिक सक्रियता के माध्यम से शहर में अलग पहचान बनाई है। इससे पहले मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री विजेन्द्र सिंह तथा टीवी धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है के कलाकार करण मेहरा द्वारा भी उनका सम्मान किया जा चुका है। सम्मान के दौरान प्रखर समाजसेवी रितेश खंडेलवाल, उदय द्विवेदी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रकाश गुप्ता लारा के सामाजिक योगदान की सराहना की।

आधुनिक अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही

## सांसद ने पीएम केन्द्रीय विद्यालय पचमढ़ी के छात्र-छात्राओं को विकसित भारत 2047 के निर्माण में योगदान हेतु किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पीएम केन्द्रीय विद्यालय पचमढ़ी के छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उन्हें विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला रही है। पीएम विद्यालय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में शिक्षा और युवा शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आज के विद्यार्थी ही वर्ष 2047 के विकसित भारत के भावी निर्माता हैं। विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभक्ति से जोड़ना समय की आवश्यकता है।



विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने एनसीसी अधिकारी योगेशराज सिंह व एनसीसी कैडेट्स के अनुरक्षण में सांसद महोदय का आत्मीय स्वागत किया। अंत में सांसद महोदय ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, सुविधाओं और सर्वांगीण विकास के प्रयासों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य आनंद एम नांदुरकर के कुशल नेतृत्व एवं शिक्षक देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में एनसीसी अधिकारी योगेश राज सिंह जी द्वारा किया गया।

**सांसद बोले**

- नवाचार, विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़ें
- स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों के प्रति जागरूक रहें
- अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का मूलमंत्र बनाएं

## सेवा संकल्प अभियान' वृद्धाश्रम में बांटे गए फल व अन्य सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रामवृद्ध कल्याण जन समिति संचालित 'अपना घर' वृद्धाश्रम में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों और विद्यार्थियों ने वृद्धजनों को फल एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियां वितरित कीं और उनके साथ समय बिताकर सेवा का पाठ सीखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम नीलेश शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता और नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि तिवारी उपस्थित रहे। एसडीएम शर्मा ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। वहीं, प्राचार्य डॉ. मेहता ने बुजुर्गों से बातचीत की।

## खबर संक्षेप

### शिवरतनजी आर्य का तेरहवीं व श्रद्धांजलि कार्यक्रम कल



**बैतूल।** कल्चुरी कलार समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक तथा नयन ग्रुप के वरिष्ठ संचालक शिवरतनजी आर्य का विगत 22 सितंबर को 89 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया था। वे अपने पीछे 5 सुपुत्र एवं 2 पुत्रियों सहित नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका तेरहवीं एवं श्रद्धांजली कार्यक्रम कल सोमवार 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से होटल आभाश्री के सामने वृदांवन गार्डन बैतूलगंज में रखा गया है। बैतूल जिले के भैंसदेही तहसील अंतर्गत गुदगांव के समीप छोटे से गांव धोंडी के कृषक कलार परिवार में जन्में शिवरतनजी आर्य ने अपनी मेहनत के बल पर ही छोटे से गांव से निकलकर दूर शहर तक पहुंच सफलता का एक नया मुकाम खड़ा किया और अपने बच्चों को सही संस्कार, परवरिश तथा मार्गदर्शन दिया। शोकाकुल परिवार के नंदकिशोर, सुखदेव, गोकुल, धनराज एवं राजेश आर्य ने सभी इष्ट मित्रगणों, शुभचिंतकों से श्रद्धांजली सभा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।

### लोगों ने लिया आयुष सेवाओं का लाभ



**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा सेवा सेतु अभियान के तहत जिले के सभी 9 ब्लॉकों में शनिवार को आयुष शिविर लगाए गए। शिविरों में 18 चिकित्सकों सहित विभागीय कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर 3 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए गए। इनमें कुल 1035 लोगों ने आयुष सेवाओं का लाभ लिया और उन्हें आवश्यक आयुष औषधियां उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु अभियान के तहत आज 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्र में आयुष शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग ने लोगों से शिविर में पहुंचकर आयुष चिकित्सा सेवाओं और औषधियों का लाभ लेने की अपील की है।

### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की मासिक बैठक

**बैतूल।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक शनिवार को लिंक रोड स्थित मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक (संचा/संधा) कार्यालय के पुराने भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने की। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विगत माह सेवानिवृत्त हुए पेंशनर सदस्यों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के बाद कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस योजना की जानकारी दी गई।

---

### मरामझिरी रेल मालगोदाम अधूरा, बैतूल में खाली हो रही रैक

# ट्रकों की वजह से बार-बार लग रहा जाम, धूल-डस्ट से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




मरामझिरी में मालगोदाम का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। यह कार्य समय सीमा बीतने के एक साल बाद भी अधूरा है। जिसका खामियाजा रोजाना आमजनता और वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं का सामना कर चुकाना पड़ रहा है। दरअसल नागपुर रेल मंडल की माल अवसंरचना विस्तार योजना के तहत मरामझिरी में 12.52 करोड़ से मालगोदाम का कायाकल्प प्रस्तावित था। इसमें 42 वैगनों की क्षमता वाली फुल-लेंथ माल लाइन, 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण, 6 हाई-मास्ट लाइटें, सीसीटीवी कैमरे, पीडब्ल्यूडी द्वारा 3.11 करोड़ रुपए की लागत से 2 किमी लंबी फीडर सडक़ बनाना शामिल है। लेकिन मालगोदाम का निर्माण कार्य अधूरा है, जबकि जानकारी के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट वर्ष 2025 में तैयार होकर मरामझिरी में पूरी तरह चालू हो जाना था। जानकार बताते है कि मरामझिरी स्टेशन के अप ट्रैक पर मालगोदाम का काम शुरू कर दिया है। यहां तकनीकी रूप से 24 घंटे लोडिंग-अनलोडिंग हो सकती है। लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों के कदम रोक दिए हैं। परिणाम स्वरूप आज भी अधिकांश लोडिंग अनलोडिंग बैतूल स्टेशन पर हो रही है।

#### सुविधाओं के अभाव के कारण भी नहीं जाना चाहते व्यापारी

एनएच- 46 से मरामझिरी मालगोदाम तक पहुंचने वाली सडक़ बेहद जर्जर है। ट्रांसपोर्टर रात में यहां भारी ट्रक ले जाने का जोखिम नहीं उठाते। मरामझिरी में मालगोदाम की देखरेख के लिए व्यापारियों के बैठने तक का इंतजाम नहीं है। दिन-रात कड़ा परिश्रम करने वाले हम्मालों के लिए रेस्ट रूम, भोजन का स्थान, टॉयलेट- शौचालय जैसी प्राथमिक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई हैं। दूसरी तरफ डाउन ट्रैक पर निर्माण कार्य अब भी अधूरा है। ट्रेरक सुविधाओं के अभाव से जुझ रहा है। स्थिति यह है कि बैतूल स्टेशन पर पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए मालगाड़ी का पूरी रैक एक बार में नहीं लग पाती है। रेलवे को मजबूरन रैक को आधा-आधा करके लगाना पड़ रहा है। इससे माल चढ़ाने-उतारने में दोगुना समय लगता है।

#### उड़ती धूल-डस्ट से परेशान हो रहे लोग

रेलवे स्टेशन पर मालगाडियों से लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान उडवे वाली धूल-डस्ट के कारण रेल यात्रियों के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोग भी परेशान है। बैतूल स्टेशन रोड पर सीमेंट के रैक खाली होने से उडवे वाली डस्ट हवा में घुलने से रहवासियों और यहगीरों में सांस की बीमारी, आंखों में जलन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है। मरामझिरी मालगोदाम शिफ्ट नहीं होने तक शहरवासियों को इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि मरामझिरी में जो मालगोदाम बनाया जा रहा है, उसका कार्य विभाग को तेजी से कराया जाना चाहिए, ताकि शहर से मालगोदाम शिफ्ट हो सके और लोगों को धूल-डस्ट के साथ-साथ शहर में ट्रकों के कारण लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके।

#### भारी वाहनों से मरामझिरी स्टेशन मार्ग बना दलदल

भारी ट्रकों को शहर के बाहर से सीधे राजमार्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रस्तावित मरामझिरी रेलवे फीडर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस सडक का काम समय पर शुरू न होने से संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों के भारी वाहन इसी रोड से निकलते हैं। इसके कारण सडक पूरी तरह खत्म हो चुकी है। ठेकेदारों ने सडक पर रेतीली मिट्टी डाल दी। इससे थोड़ी सी बारिश होते ही पूरी सडक पर कीचड़ फैल जाता है। फिसलन और दलदल के कारण मार्ग पर पैदल चलने के साथ बाइक और दोपहिया वाहन निकालना बेहद जोखिम भरा हो गया है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण और राहगीर परेशान है।

#### इनका कहना है...

मरामझिरी मालगोदाम प्रोजेक्ट और वहां मौजूद समस्याओं के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात की जाएगी। निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए जाएंगे। प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरी क्षमता के साथ शुरू किया जाएगा।
**यश जनबंधु, जनसंपर्क अधिकारी, नागपुर मंडल**

---

## हार्वेस्टर से टकराई कार, युवक की गर्दन धड़ से हुई अलग

साथी गंभीर
नागपुर रेफर
बैतूल-इंदौर हाईवे पर हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**बैतूल-इंदौर फोरलेन पर चिचोली थाना क्षेत्र के कुम्हली-दनोरा के बीच शुक्रवार रात कार और हार्वेस्टर की टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें कार सवार 20 वर्षीय अंकित चंदेल की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। उसका साथी रेमोन पवार गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे बैतूल से प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार गढ़ा निवासी अंकित चंदेल शुक्रवार रात अपने दोस्त रेमोन पवार के साथ कार से बैतूल से चिचोली की ओर जा रहा था। कुम्हली-दनोरा के बीच कार आगे चल रहे हार्वेस्टर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार बेकाबू होकर सडक़ किनारे पलट गई। सूचना पर एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायल रेमोन को अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे नागपुर रेफर किया गया। चिचोली थाना प्रभारी हरिओम पटेल ने बताया कि हादसे के बाद हार्वेस्टर चालक मौके से भाग गया।**

## विशाल कैंसर जांच एवं निदान शिविर आज

**बैतूल।** नागरिक सेवा समिति बैतूल के तत्वावधान में आज 4 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक राधाकृष्ण धर्मशाला बैतूल गंज में विशाल निशुल्क कैंसर रोग निदान एवं परिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में संस्था के अध्यक्ष राजेश गावण्डे ने बताया कि इसमें प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ एवं सर्जन डा. प्रभु जवंजाल , डा. राजेन्द्र सिंह अरोरा, इण्डोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. अविनाश जवंजाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी जवंजाल , डा. अंजली ठाकरे, दंत रोग विशेषज्ञ डा. जी. डी. अडवानी, डॉ. नितिन अडवानी एवं डॉ. नीता अरोरा, डॉ. जाहिद अली के साथ ही डी.एम. एल.टी. निलेश काकड़े के साथ स्थानीय चिकित्सक सर्जन डॉ. रमेश काकोडिया , दंत चिकित्सक डॉ. वैभव साबले एवं डॉ. संदीप पाल भी उपस्थित रहेंगे।

---

### महिलाओं ने माना मोदी सरकार की योजनाओं से बदली जिंदगी

आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत

# लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी गर्भवतीधात्री योजना बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



**वार्ड क्र.-5 स्थित आंगनबाड़ी में सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। उपस्थित महिलाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज साहू, सहायिका सजदा परवीन से स्वास्थ्य, सुरक्षा और पौष्टिक भोजन आदि कई विषयों पर जानकारी हासिल की। इस दौरान यहां आंगनवाड़ी में खासतौर पर सजावट आदि भी की गई थी। इस मौके पर यहां उपस्थित लाडली बहनों शर्मिला, नाजिया, प्रीति राठौड़ ने सरकार की लाडली बहन योजना की प्रशंसा करते हुए बताया की लाडली बहन योजना से उनके जीवन में उन्नयन के कई मार्ग प्रशस्त हुए हैं और इस तरह की हर माह सरकार द्वारा बहनों को दी जा रही आर्थिक सहायता से परिवार में महिलाएं अब एक संबल भी बन गई है। कार्यक्रम में उपस्थित धात्री महिला आयुषी पुंडे ,काजल वैजयंती, रचना देवी ने भी गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू की गई योजना को महिलाओं के लिए एक बड़ा वरदान बताया है। इसके अलावा लाडली लक्ष्मी, आवास योजना, संबल योजना, उज्ज्वला योजना जैसी कई योजनाओं पर महिलाओं ने खुलकर सराहना करते हुए सरकार का आभार जताया है, इन योजनाओं को महिलाओं ने एक वरदान भी माना है।**

---

### 35 वर्षों से निःशुल्क तर्पण करा रहे पंडित गणेश त्रिवेदी, पितृपक्ष में दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

# ताप्ती तट पर तर्पण से पितरों को मिलता है मोक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



**सूर्यपुत्री मां ताप्ती का तट धार्मिक और पौराणिक आस्थाओं का प्रमुख केंद्र माना जाता है। पितृपक्ष के दौरान यहां देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु अपने दिवंगत माता-पिता, दादा-दादी और पूर्वजों के निमित्त तर्पण एवं पिंडदान करने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि मां ताप्ती के पवित्र जल में तर्पण करने से पितरों को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पंडित गणेश त्रिवेदी पिछले करीब 35 वर्षों से ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं को निःशुल्क तर्पण की विधि कराते आ रहे हैं। यह परंपरा उनके पिता पंडित दुर्गा शंकर त्रिवेदी ने लगभग 35 वर्ष पहले शुरू की थी। पिता के बाद गणेश त्रिवेदी इस सेवा और परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। पितृपक्ष के दौरान सूर्योदय के साथ ही ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। सैकड़ों लोग अपने पितरों के निमित्त तर्पण करते हैं। वहीं तट पर पंडितों के मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण आध्यात्मिक हो जाता है। पंडित गणेश त्रिवेदी के अनुसार, सूर्यपुत्री मां ताप्ती के तट पर तर्पण और पिंडदान का धार्मिक महत्व पुराणों में वर्णित है। मान्यता है कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों और देवी-देवताओं ने भी ताप्ती तट पर अपने पितरों के निमित्त तर्पण एवं पिंडदान किया था।**

---

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा पुरस्कृत

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मुलताई प्रभात पट्टन के 8 हजार विद्यार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



**शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन इस वर्ष भी मुलताई एवं प्रभात पट्टन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में किया गया। परीक्षा में दोनों तहसीलों के लगभग 240 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के करीब 8 हजार छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक सामान्य ज्ञान एवं विभिन्न विषयों की जानकारी उपलब्ध कराना भी है। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया जाता है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाबराव चिल्हाटे ने बताया कि इस वर्ष शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं के विशेष सहयोग तथा गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से मुलताई एवं प्रभात पट्टन क्षेत्र के लगभग 240 विद्यालयों में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।**

---

### शासकीय माध्यमिक शाला लाखापुर का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शनिवार को शासकीय माध्यमिक शाला लाखापुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने प्रभारी प्राचार्य से विद्यालय में दर्ज विद्यार्थियों की संख्या तथा उनकी उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से इतिहास विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान एवं शैक्षणिक स्तर को परखा।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



**गायत्री प्रज्ञा पीठ सारनी के तत्वावधान में शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों और देश के गौरवशाली पौराणिक इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को ऋषि-मुनियों, महामानवों और भारतीय सनातन संस्कृति की परंपराओं से परिचित कराने के साथ संवेदनशील, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, जिम्मेदार और सेवाभावी नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई। आयोजकों ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति उसके आदर्श और संस्कारवान नागरिक होते हैं। परीक्षा का आयोजन आदर्श गायत्री विद्यापीठ, शासकीय माध्यमिक शाला पाथाखेड़ा, शासकीय प्राथमिक शाला माता मंदिर, बाकुड़, हाई स्कूल राजेगांव, खापा, लोनिया और मछलीकांटा सहित विभिन्न स्कूलों में किया गया। आयोजन में डॉ. कालेलकर, सुरेंद्र सोनी, संजय देशमुख, गंगाधर धोटे, कृष्णा सोनी, राजेश मालवीय, प्रमिला पांसे, ज्योति माहौर, रिंकी मालवी, मीरा मालवी, ललिता देशमुख, सूर्यवंशी, ममता सूर्यवंशी, सरिता घोरसे और प्रशांत पांसे सहित स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।**

---

### प्रत्याशा आनंद क्लब और हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र का संयुक्त आयोजन

# जब वृध्दजन दिवस बदला युवा दिवस में सैंकड़ों वृध्द बने युवा और करने लगे नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





**उम्र 94 की और वो अपनी कमर को मटका रहे थे, ऐसा ही हाल 88 साल के एक वृध्द का भी था। अवसर था एक दिवस का, जिसमें प्रत्याशा आनंद क्लब की प्रमुख तूलिका पचौरी ने इन सभी वृध्दों के चेहरे पर न सिर्फ मुस्कान बिखेरी, बल्कि उन्हें हंसने-नाचने पर मजबूर भी कर दिया। वैसे तो वृध्दजन दिवस एक अक्टूबर को रहता है, लेकिन दो अक्टूबर को गांधीजी और लालबहादुर शास्त्रीजी की जयंती भी थी, इसलिए शुक्रवार को संयुक्त आयोजन हार्टफुलनेस के गंज स्थित ध्यान केन्द्र में प्रत्याशा आनंद क्लब और हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। महेश गुंजले जिला संपर्क प्रमुख राज्य आनंदम संस्थान के द्वारा कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया गया। वरिष्ठजनों से उनके अनुभव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल कड़वे ने अपने अनुभव सुनाते भावुक हो गए।श्रीमती शकुंतला पचौरी ने कहा कि अपने परिवार के बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे, तो वृद्ध आश्रम बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्रीमती वृंदा शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थी। विनोद जेठवा जी द्वारा सभी को ध्यान करके स्वस्थ रहने के उपाय बताएं । श्री कृष्णचंद्र अग्रवाल द्वारा रचित केशव गीता के माध्यम से बताया कि सकारात्मक विचारों से व्यक्ति में आध्यात्मिकता की ओर रुझान बढ़ता है। कथावाचक पंडित सुनील श्यामानंदजी द्वारा सभी वरिष्ठजनों से कहा गया कि योग एवं भक्ति के माध्यम से हम स्वस्थ रह सकते हैं एवं एक विशेष ऊर्जा प्राप्त करके हमेशा आनंद में रह सकते हैं। समाजसेवी आशीष पचोरी द्वारा अंत मे सभी वृद्धजनों का आभार व्यक्त किया। राज्य आनंद संस्थान द्वारा वृद्ध आश्रम भारत भारती में वरिष्ठजनों को फल व मिठाइयां वितरित की गईं।**

---

### आमला ब्लॉक में आयोजित शिविर में हितग्रहियों को हितलाभ वितरण, 693 आवेदन प्राप्त

# 982 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षणः जनपद पंचायत आमला कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



**सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं उनके गांव एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर को जिले में विकासखंड स्तर पर सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया।**

**इस दौरान आमला, चिचोली, शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, सारणी मुलताई, भैंसदेही, बैतूल, आठनेर तथा भीमपुर में आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के साथ जन समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। वहीं शेष आवेदनों पर समय सीमा तय कर अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार के तहत शनिवार को विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं जन सेवा अभियान शिविर आमला में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नगर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष गणेश यादव, जनपद सदस्य, मुकेश खंडेलवाल सहित अन्य समस्त जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा जनपद पंचायत आमला कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। तत्पश्चात अतिथियों ने विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत अतिथियों द्वारा कु. करुणा राजू उईके और कु.अर्पणा धुर्वे को स्कूटी वितरित की। हितग्राही संवाद के दौरान दिव्यांग आशाराम रहड़वे ने प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।**

#### कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें : उईके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मोत्सव के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 'सेवा परमो धर्म' की भावना को शासन की योजनाओं और जनकल्याण से जोड़ते हुए सेवा सेतु अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से शासन प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहा है। जिन पात्र परिवारों को अभी तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें योजनाओं से जोडवे का कार्य इन शिविरों के माध्यम से किया जा रहा है।

#### जिले में विकास के नए आयाम हो रहे स्थापितः नागर

मप्र जन अभियान प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि पिछले 15-20 वर्षों में बैतूल जिले ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आज जिले में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। यह प्रगति केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 7 अक्टूबर को उनकी जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की इस दीर्घ जनसेवा यात्रा को सेवा और संकल्प की भावना के साथ मनाने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। श्री नागर ने कहा कि इसी क्रम में मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार' के माध्यम से आमजन तक शासन की सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर कांग्रेस ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी में स्थानीय चंपक झील पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय साडा विभाग द्वारा किया गया। जिसमें साफ सफाई का संदेश दिया व साडा कर्मियों एवं नागरिकों द्वारा आसपास की प्रतीकात्मक रूप से सफाई की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे स्थानीय विधायक ठाकुर दास नागवंशी जी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अनीस खांन, पूर्व उपाध्यक्ष छावनी परिषद पचमढ़ी हुजैफा बोहरा, पूर्व पार्षद प्रशांत सिहोते, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंडलम कांग्रेस कमेटी पचमढ़ी वीरेंद्र यादव आदि ने भेंट कर एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी में वर्षों से रिक्त महिला चिकित्सक, रेडीयोग्राफर व अन्य स्वीकृत स्टाफ की शीघ्र से शीघ्र पदस्थापना सेवा संकल्प के माध्यम से की जाए। अनीश खान जी ने बताया कि विधायक महोदय ने अपनी विवशता जाहिर करते हुए कहा कि यहां पर कोई भी चिकित्सक इसलिए नहीं आना चाहता क्योंकि यहां उनके रहने के लिए आवास नहीं है व कहा कि यही स्थिति पिपरिया की भी है।

### गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में 2 अक्टूबर 2026को पंचायत क्षेत्र में गांधी जयंती समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत बीजनवाडा में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ब्रज किशोर पठारिया की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।इस दौरान सरपंच माधुरी बैंकर की अनुपस्थिति में उनके जीवन साथी पंचम सिंह बैंकर उपस्थिति दर्ज कराई गई। सचिव प्रेमनारायण सराठे सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका सहित अन्य सभी विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# श्रमदान कर मनाया स्वच्छ भारत दिवस, रामगंज घाट पर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

## नगर परिषद ने किया निकाय के स्वच्छता दूतों का सम्मान

'स्वच्छता ही सेवा अभियान' अंतर्गत शुक्रवार को नप सोहागपुर ने 'स्वच्छ भारत दिवस' मनाया। इस अवसर पर पलकमती नदी के रामगंज घाट पर सफाई व श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों ने श्रमदान कर रामगंज घाट क्षेत्र की सफाई की। परिसर से अपशिष्ट को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं नागरिकों को स्वच्छता को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नप के स्वच्छता दूतों एवं सहयोगी नपकर्मियों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने सभी लोगों को



स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने, घर व आसपास



के क्षेत्र को स्वच्छ रखने, वर्ष में 100 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया।

### किया पौधरोपण

कार्यक्रम दौरान तवा कॉलोनी के पास मुख्य मार्ग पर पौधरोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित नगर का संदेश दिया। नप ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद अमृता चौरसिया, रविशंकर उइके, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, गौरव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल व सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा सहित भाजपाई, आमजन तथा नप कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेलवे सलाहकार समिति सदस्य ललिता पुर्विया ने किया सोहागपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

# जनता व नागरिक संघर्ष समिति को दिया मांगपूर्ति में सहयोग का आश्वासन

पश्चिम मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य ललिता पुर्विया ने गत दिवस सोहागपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पुर्विया को रेलवे सुविधाओं व मांगों सहित समस्याओं से अवगत कराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पश्चिम मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य ललिता पुर्विया ने गत दिवस सोहागपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं तथा समस्याओं की जानकारी ली। ललिता पुर्विया ने स्टेशन अधीक्षक से भी चर्चा की। पुर्विया ने स्टेशन पर यात्रियों को होने वाली समस्याओं को समझने के लिए स्टेशन परिसर एवं प्लेटफॉर्मों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, यात्री सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पुर्विया को रेलवे सुविधाओं व मांगों सहित समस्याओं से अवगत कराया। समिति ने यात्री सुविधा विस्तार, ट्रेन स्टापेज, बिजली व सुरक्षा समस्याओं तथा रेलवे से जुड़े वांछित विकास कार्य की आवश्यकता पर चर्चा की। नागरिक संघर्ष समिति के संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि अरसे से सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा विस्तार व समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है। ललिता पुर्विया ने नागरिकों की मांगें गंभीरता से सुनीं और रेलवे के उचित मंच पर रखने की बात कही।

निरीक्षण दौरान नागरिक संघर्ष समिति संरक्षक वरिष्ठ नागरिक कृष्णा पालीवाल, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, अखिलेश मालवीय, रितेंद्र राजपूत, आनंद साहू, रामनिरंजन जायसवाल, नीलेश खंडेलवाल, गोलू अग्रवाल, विशाल गोलानी, विक्रांत चौरसिया, अशोक गढ़वाल, रामेश्वर कहार, अख्तर खान, मनोरमा राय, संध्या नगोत्रा, टिड्डू पंजवानी, आशीष पालीवाल एवं नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### राजभाषा हिंदी को बनाएं दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्साः इटारसी स्टेशन पर राजभाषा सप्ताह संपन्न



**नर्मदापुरम।** स्टेशन क्षेत्र, इटारसी में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में 22 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक 'राजभाषा सप्ताह-2026' का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेल कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने के प्रति रुचि जागृत करना तथा दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना था। रचनात्मक प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह सप्ताह भर चले इस आयोजन में कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन तथा शुद्ध लेखन जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही, कर्मचारियों के ज्ञानवर्धन हेतु एक विशेष 'प्रश्न-मंच' (क्विज) कार्यक्रम भी रखा गया, जिसमें राजभाषा के सामान्य ज्ञान एवं भारतीय रेल से जुड़े प्रश्न पूछे गए। स्टेशन क्षेत्र के कर्मचारियों ने इन सभी प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पिसुआ में बाघिन की दस्तक से दहशत, विभाग ने दिया अश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिसुआ के अंतर्गत आने वाले गांव चन्दन पिपरिया मैली में बीते एक सप्ताह से एक मादा बाघ (बाघिन) के खुलेआम घूमने से पूरे इलाके में भारी दहशत फैल गई है। बाघिन की लगातार मौजूदगी से परेशान ग्रामीणों और किसानों ने डर के मारे खेतों और घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है।स्थानीय निवासी अंकेश पटेल ने बताया कि गांव में दाखिल हुई इस बाघिन ने एक किसान के बैल और गाय पर हमला कर उनका शिकार कर लिया है। घटना के तुरंत बाद इसकी सूचना सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (STR) के मटकुली गेम रेंज अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (SDO) समेत पूरे वन अमले को दी गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा है और न ही इस समस्या का कोई स्थाई समाधान निकाला गया है। वन विभाग की इस कथित लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल है।

### वन विभाग का रुख

मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अनुविभागीय अधिकारी (SDO) आशीष कुमार खोपरागढ़े ने बताया कि मैली गांव के ग्रामीणों द्वारा बाघिन की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में तेंदुए की मौत की आशंका

दूसरी ओर, इसी क्षेत्र के मटकुली मार्ग और झिरिया गांव के बीच हाल ही में एक मादा तेंदुए (मांझा तेंदुआ) का शव मिला है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 3 से 4 महीने पहले किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने के कारण तेंदुए की मौत हुई होगी। वन अमला मामले की जांच में जुटा हुआ है।

# गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक दयाशंकर उभरे के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों को एवं उपस्थित जनसमुदाय को नशे हूं दुर करने के लिए प्रेरित किया गया था।समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विकास समन्वयक दयाशंकर उभरे, विजय कुमार खेल शिक्षक प्रीतम सिंह ठाकुर आशीष प्रजापति राघवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र अहिरवार ब्रजेश शिवानी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# दोपहिया दौड़ते नाबालिगों को पुलिस ने दी समझाइश-न चलाएं वाहन, हेलमेट पहने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



रोड पर सुरक्षित सफर के लिए पुलिस का 10 दिवसीय विशेष अभियान 28 सितंबर से प्रारंभ किया है। जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की समझाइश दी जा रही है। गत दिवस पुलिस ने नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर चेकिंग दौरान नाबालिग बिइकर्स को रोका एवं वाहन ना चलाने की बात कही। वहीं वयस्कों को हेलमेट पहनने की बात कही गई। एएसआई गणेश राय ने बताया कि चार दिनों में वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग ना करने के 42 प्रकरणों में 15,200 रुपये का समन शुल्क वसूला है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के चार प्रकरणों में वाहन जप्ती की गई है। प्रकरणों में माननीय न्यायालय सोहागपुर द्वारा 43 हजार रुपये के जुर्माने से चालकों को दंडित किया गया है।

### ब्रीथ एनाराइजर का किया उपयोग

चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच कराई जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने में दुर्घटना के जोखिम की जानकारी भी चालकों को दी जा रही है। गणेश राय ने बताया कि पहली बार ड्रिंक एंड ड्राइव के प्रकरण में 10 हजार रुपये का जुर्माना एवं छह माह की सजा है। दूसरी बार पकड़ाने पर 15 हजार रुपये जुर्माने व दो साल की सजा का प्रावधान विधि अनुसार है। शराब पीकर वाहन चलाते चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की कार्रवाई भी की जा रही है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आयोजन



**पचमढ़ी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02 अक्टूबर को छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा अटल वाटिका में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। साथ ही, सभी उपस्थितजनों ने स्वच्छता की शपथ लेकर पचमढ़ी को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर अरुण एम. कुलकर्णी अध्यक्ष छावनी परिषद पचमढ़ी; राहुल कुमार यादव मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद पचमढ़ी संजय लेडवानी आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस ने मनाई गांधी जयंती वक्ताओं ने दिए उदबोधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में कांग्रेस ने गत दिवस महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस दौरान वक्ताओं ने दिवंगत दोनों ही महापुरुषों की जीवनी का उल्लेख करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों का अनुसरण करने की बात उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से कही। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी मंगल सिंह रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अभिलाष चंदेल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, मंजेश पटेल, चौधरी राकेश सिंह, पार्षदगण जमील ख़ान व भास्कर मांझी, प्रांजल तिवारी, जलज शर्मा, तेजराम वर्मा, इरफान ख़ान, प्रतीक तिवारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस नेता एडवोकेट देवांशु शर्मा ने किया।

## जब जब भक्तों पर विपदा आई है, प्रभु उनका तारण करने जरूर आए

# श्रीमद भागवत का किया समापन, सुनाई सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर वाटिका गार्डन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य अविनाश मिश्रा ने पौंड्रिक व जरासंध प्रसंग का वर्णन करते हुए सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर परिवार का पालन पोषण करते थे, लेकिन हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। सुदामा पत्नी के कहने पर श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचते हैं। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। सुदामा को सिंहासन पर बैठाकर कृष्ण सुदामा के चरण धोते हैं एवं पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा द्वारका से निज स्थान लौटते हैं तो कृष्ण कृपा से अपना महल बना पाते हैं। लेकिन सुदामा कुटिया में रहकर ही भगवान का सुमिरन करते हैं। इसलिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है, प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाने का वर्णन किया गया।

### अज्ञात व्यक्तियों का हुआ तर्पण

क्षेत्र में अज्ञात दुर्घटनाओं में मृत हुए व्यक्तियों की आत्मिक शांति के लिए कथा आयोजन में विशेष रूप से मूल पाठ कराया गया। इन दिवंगत व्यक्तियों के नाम से भागवत कथा में मूल पाठ संपन्न कराया गया तथा शनिवार को पूर्ण विधि-विधान के साथ तर्पण किया गया। आयोजन राजो मालवीय द्वारा महर्षि याज्ञवल्क्य सनातन सेवा समिति सोहागपुर के तत्वाधान में किया गया। तर्पण एवं धार्मिक अनुष्ठान के लिए वृंदावन से पधारे आचार्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं तर्पण संपन्न कराया।

### हुआ विश्राम

शनिवार को कथा आयोजन के समापन अवसर पर हवन एवं पूजन के साथ विसर्जन एवं पूर्णाहुति कर्म सम्पन्न हुए। इस दौरान कथा यजमानगण राजो मालवीय, संजय खंडेलवाल, साहब सिंह, मनोज मालवीय, साहब भैया पालादेवरी, दशरथ पटेल बेंगनिया, सुकेश राय, साधना अनिल जायसवाल, प्रतिमा नितेश जैसवाल, अशोक कहार, कुलदीप ठाकुर सहित अखिलेश मालवीय, रितेंद्र ठाकुर, शिवकुमार पटेल, शरद चौरसिया, आनंद साहू, शीतल खंडेलवाल, चित्रा तिवारी, शशि मालवीय, अर्चना खंडेलवाल, सुनीता माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भागवत श्रोता उपस्थित रहे।

### माखननगर में जारी श्रीमद भागवत कथा का अयोजन



माखन नगर में चल रही श्रीमद् भागवत के पंचम दिवस में अवसर पर भगवान बालकृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्री देवेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने बताया भगवान गिरिराज की परिक्रमा करने से समस्त मनोरथ होते हैं पूर्ण जो भी भाव से भगवान गिरिराज से मांगता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है पंचम दिवस में 56 भोग लगाकर के भगवान गिरिराज का पूजन किया इस अवसर पर माखन नगर के समस्त श्रोता बंधु भगवान की अनेक लीलाओं को श्रवण कर भगवान गिरिराज की पूजन एवं परिक्रमा कर आनंद का लाभ लिया कथा का स्थान माखन नगर जय हिंद गार्डन में झूम उठे श्रद्धालु।

### विवेकानंद एकेडमी में सम्मान समारोह किया



**सोहागपुर।** अशायकीय शिक्षण संगठन सोहागपुर ने गत दिवस शहर की विवेकानंद एकेडमी में शिक्षक सम्मान समारोह किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन से जुड़े अनिल गहरैया, प्रदीप दुबे, घनश्याम यादव आदि ने बताया कि कार्यक्रम में सोहागपुर ब्लॉक के निजी विद्यालयों के चयनित 40 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। शिक्षा शिरोमणि अलंकरण समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित निजी स्कूलों के संचालकों का भी सम्मान किया गया। अनिल गहरैया ने बताया कि यह क्रम 14 वर्षों से जारी है।

### सेवा मेरा योगदान-सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हृदय रोग परीक्षण शिविर आयोजित किया

# 54 बच्चों की विशेषज्ञों ने जांच कर 11 बच्चों को निशुल्क हृदय सर्जरी करने के लिए चिन्हित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सेवा मेरा योगदान-सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश के तहत जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डीईआईसी), हरदा में हृदय रोग परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के तीनों विकासखंडों से पहुंचे 54 बच्चों की बाल हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच की गई। जांच के बाद 11 बच्चों को हृदय सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है।

इन बच्चों की आवश्यक सर्जरी शासन की योजना के तहत निशुल्क कराई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में चार मोबाइल हेल्थ टीमें कार्यरत हैं। इनके द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वर्ष में दो बार तथा स्कूलों में वर्ष में एक बार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के दौरान चिन्हित बच्चों को विशेषज्ञ जांच एवं उपचार के लिए शिविर में लाया जाता है। शिविर में बंसल हॉस्पिटल, भोपाल के बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शांतनु जैन द्वारा इकोकार्डियोग्राफी के माध्यम से बच्चों की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान हृदय संबंधी समस्या की स्थिति एवं आवश्यक उपचार का निर्धारण किया गया। डीईआईसी प्रभारी प्रबंधक आशीष साकल्ले ने बताया कि शिविर में जांच किए गए 54 बच्चों में से 11 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। वहीं 27 बच्चे सामान्य पाए गए, 10 बच्चों को एक वर्ष बाद पुनः जांच के लिए बुलाया गया है तथा 6 बच्चों को अन्य आवश्यक जांचों के लिए चिन्हित किया गया है। सर्जरी के लिए चिन्हित सभी 11 बच्चों की आवश्यक फाइल एवं दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं। आगामी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बच्चों को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क हृदय सर्जरी के लिए उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजा जाएगा।

#### साझा किया अनुभव

शिविर में फॉलोअप के लिए आए बच्चों एवं उनके परिजनों से बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने चर्चा कर उपचार की जानकारी ली तथा बच्चों को फूड पैकेट एवं बिस्किट वितरित किए। इस दौरान टिमरनी के वार्ड क्रमांक 02 निवासी राहुल चौरसिया ने बताया कि उनकी बेटी तन्वी को जन्मजात हृदय रोग एवं तिल्ली संबंधी समस्या के कारण बार-बार स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां होती थीं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उसकी आवश्यक सर्जरी कराई गई। उपचार के बाद अब तन्वी स्वस्थ है तथा बार-बार बीमार होने की समस्या में भी काफी सुधार हुआ है।

#### जांच के बाद हुई ईको जांच

शिविर में इको जांच से पूर्व सभी बच्चों का पंजीयन एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच डॉ. पी.एन. छलौत्रे, डॉ. मंजू वर्मा, डॉ. आशुतोष करोड़े, डॉ. विजयश्री मीणा, डॉ. मनीराम उईके एवं डॉ. अस्पाक खान द्वारा की गई। डीईआईसी ऑडियोलॉजिस्ट नीरज मालवीय ने बताया कि सर्जरी के लिए चिन्हित 11 बच्चों की फाइल तैयार कर आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। बच्चों को शीघ्र ही निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी के लिए संबंधित उच्च चिकित्सा संस्थानों मौ भेजा जाएगा। शिविर के आयोजन में डॉ. गंभीर पटेल, डॉ. राजेश सतीजा, डॉ. ब्रजेश रघुवंशी, जन अभियान परिषद के संदीप गोहर, रेडक्रॉस सोसायटी के राजेश पाटनी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग रहा।

#### शिविर के दो दिन में 100 मरीजों का निशुल्क उपचार

**हरदा।** भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हरदा कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित पुष्प रत्न पेट्रोल पंप पर तीन दिवसीय निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर तक किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लाभ ले रहे हैं। शिविर में देश-विदेश में चिकित्सा सेवाओं के लिए पहचान रखने वाले आयुर्वेद शास्त्री एवं एमडी एक्यूप्रेशर डॉ. एसके गर्ग नई दिल्ली द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से विभिन्न प्रकार के दर्द एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उपचार के साथ आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है। भाजपा सोशल मीडिया हरदा विधानसभा सह-संयोजक आशुतोष पाराशर ने बताया कि शिविर के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में करीब 100 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच डॉ. एसके गर्ग द्वारा की गई।



## अंधे कत्ल का खुलासा, ससुर-दामाद ने मिलकर की थी राजू की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

थाना रहटगांव पुलिस ने बड़झिरी-बोबदा मार्ग पर मिले अज्ञात व्यक्ति के शव के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हत्या अवैध संबंधों के संदेह के चलते की गई थी। आरोपियों ने पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को वन विभाग के बीट गार्ड ने सूचना दी कि ग्राम बड़झिरी-बोबदा रोड पर बड़झिरी के आगे एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग क्रमांक 55/26 धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। राहगीरों से मिली जानकारी के आधार पर मृतक की पहचान ग्राम बंदीमालौर निवासी राजू कलम, पिता रामबिलास के रूप में हुई। परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर मर्ग जांच में हत्या का मामला सामने आया। इसके बाद अपराध क्रमांक 413/26 धारा 103 बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी रहटगांव मनोज कुमार दुबे ने टीम गठित कर जांच आगे बढ़ाई। विवेचना के दौरान पुलिस को हत्या के पीछे अवैध संबंध का संदेह सामने आया। पूछताछ में चुन्नीलाल पिता बुद्ध परते (45) निवासी बंदीमालौर और रतन पिता मन्नी परते (60) निवासी बांसपानी ने हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बताया कि राजू कलम उनके ससुराल आया था और चुन्नीलाल की पत्नी से मिल रहा था। इसीको लेकर चुन्नीलाल और उसके ससुर रतन ने मिलकर राजू की हत्या कर दी और उसके शव को मोटरसाइकिल से बोबदा और बड़झिरी के बीच सड़क किनारे छोड़कर चले गए। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज दुबे, उपनिरीक्षक कौशल दीक्षित, प्रधान आरक्षक गजेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

## सेवा सेतु शिविर में विभागों ने 30 हितग्राहियों को लाभान्वित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

शनिवार को सेवा सेतु अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 30 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक झूमा सोलंकी ने दीप प्रज्वलित कर किया, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेव और एसडीएम लोकेश छापरे उपस्थित थे। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8



को फूड बास्केट एवं 3 को दिव्यांग प्रमाण पत्र, खाद्य विभाग द्वारा 4 को पात्रता पर्ची, उद्यानिकी विभाग द्वारा एक को मिनी ट्रैक्टर ( स्वीकृत राशि 4 लाख 90 हजार) तथा अनुदान राशि 2 लाख 45 हजार और दूसरे हितग्राही को नींबू उच्च घनत्व ड्रिप किट, एनआरएलएम द्वारा 5 हितग्राहियों को कुल 2 लाख 30 हजार रुपये का मुद्रा लोन तथा 6 हितग्राहियों को डी-कम्पोजर वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजन और अधिकारियों एवं शासकीय कर्मियों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ग्रहण की। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, उपसंचालक कृषि शिवसिंह राजपूत, जिला उद्यानिकी अधिकारी के.के. गिरवाल, उद्यानिकी अधिकारी राजेंद्र चौहान और प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री आज आएंगे

**हरदा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के राज्य मंत्री दुर्गादास उइके आज रविवार को हरदा आयेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री उइके प्रातः 9 बजे बैतूल से सड़क मार्ग द्वारा हरदा के लिए प्रस्थान करेंगे एवं प्रातः 11:00 बजे हरदा पहुंचेंगे। हरदा में प्रातः 11 बजे वृद्ध जन सम्मान सेवा एवं आवश्यक उपकरण वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात सर्किट हाउस हरदा में अल्प विश्राम करेंगे तथा दोपहर 01 बजे हरदा से बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन की मतगणना व परिणाम की घोषणा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पंचायत उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) के तहत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु मतों का सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 5 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे जिला मुख्यालय पर शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज हरदा में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने आदेश जारी कर प्ररूप-19 भाग-तीन, जिला स्तरीय प्ररूप-23, प्ररूप-25 प्रमाण पत्र एवं प्ररूप-26 ग की अधिसूचना तैयार करने हेतु जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय हरदा के सहायक सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मी पन्नाम, शिक्षा विभाग हरदा के उ.मा. शिक्षक नितिन सोनी, तहसील कार्यालय हरदा के सहा. ग्रेड-2 उमराव सिंह हरियाले, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय हरदा के सहा. ई-गवर्नेंस प्रबंधक अनुराग चौरसिया तथा जिला पंचायत कार्यालय हरदा के डाटा एंट्री ऑपरेटर हरिओम गौर की ड्यूटी लगाई है।

## सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त व नशामुक्ति का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 2 से 10 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी क्रम में नगर परिषद महेश्वर द्वारा प्रसिद्ध नर्मदा घाट पर वृहद स्वच्छता श्रमदान, प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं नशामुक्ति अभियान चलाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष अलका गजराज यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान नर्मदा घाट एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता श्रमदान करते हुए कचरा एकत्र किया गया तथा नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों एवं जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं को जीवन में नशा नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही आसपास के नागरिकों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए समझाइश दी गई।

इस अवसर पर नर्मदा तट की स्वच्छता के साथ स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। जनभागीदारी



से आयोजित इस अभियान में नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री सचिन शर्मा, पार्षद स्वप्निल गुप्ता, एल्डरमैन जितेंद्र साकले, स्वच्छता मित्र एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के जलस्त्रोतों एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सेवा मेरा योगदानह अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाएं।

## छात्रा ने लगाई फांसी, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रात फांसी लगाकर जान दे दी। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कर परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास रहने वाली संजना नायर (19) ने शुक्रवार सुबह अपनी मां से घर के बाहर से ताला लगाकर जाने को कहा था। गांधी जयंती की छुट्टी के कारण वह स्कूल नहीं गई थी। पिता मजदूरी पर गए थे और मां भी दोपहर बाद मजदूरी पर चली गई थी। संजना अकेले घर पर थी तब उसने दुपट्टे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शाम करीब छह बजे पिता घर लौटे और ताला खोला तो बेटी फंदे पर झूलती मिली। जिला अस्पताल डॉक्टरों ने मृत बताया।

## राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शालेय शिक्षा विभाग हरदा द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हरदा के नेहरू स्टेडियम में गरिमामय समारोह में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. आर.के. दोगने उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, दिलीप गौर, बसंत राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू कमेड़िया, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से नियुक्त पर्यवेक्षक योगेश विश्नोई, नीतेश बादर, विक्रांत अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जगदीश शर्मा, रामजीवन गोदारा, राष्ट्रीय निर्णायक गिरिजा शंकर राजपूत, प्रदेश सह-संयोजक भूपेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 10 संभागों से आई बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया।

### सेवा, स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता की भावना वाले कार्यक्रम आयोजित किए

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मार्ग, चौक का उदघाटन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के आदर्शों तथा सेवा, स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता की उनकी भावना को प्रतिबिंबित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समारोह की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें एक गायन दल ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति से पूरे टाउनशिप में उत्साह और उमंग का



वातावरण बनाया। इस दौरान टाउनशिप के विभिन्न मार्गों एवं चौक-चौराहों का उद्घाटन किया गया, जिनमें महात्मा गांधी मार्ग, अहिल्याबाई मार्ग, विधान चंद्र रॉय मार्ग, महात्मा गांधी चौक एवं शिवालिक चौक शामिल रहे। इसके पश्चात एम.जी. शौर्य स्टेडियम में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में गांधीवादी मूल्यों एवं शास्त्री जी के मूल्यों की रासंगिकता तथा समाज एवं पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में उत्साह और जीवंतता का संचार किया। वहीं, एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

